# आर्द्रभूमि संरक्षण

## प्रलिम्सि के लिये:

आर्द्रभूमि संरक्षण, मैंग्रोव, पीटलैंड, पारस्थितिकि तंत्र

## मेन्स के लिये:

आर्द्रभूमि और उसका महत्त्व, पर्यावरण प्रदूषण और गरिावट

## चर्चा में क्यों?

एक नई रपिोर्ट के अनुसार, प्रभावी **कार्बन पृथक्करण** हेतु आगामी जैव वविधिता और जलवायु परविर्तन सम्मेलन वार्ता में आर्द्रभूमि संरक्षण को चर्चा के एक स्वतंत्र वषिय के रूप में देखा जाना चाहयि।

- कार्बन पृथक्करण के तहत पौधों, मट्टिी, भूगर्भकि संरचनाओं और महासागर में कार्बन का दीर्घकालकि भंडारण होता है।
- वेटलैंड्स इंटरनेशनल, एक वैश्वकि गैर-लाभकारी संस्था के वशिषज्ञों ने एक नए श्वेतपत्र में आर्द्रभूमि की रक्षा और पुनर्स्थापना के लिये पाँच वैश्वकि, वज्ञिान-आधारति संरक्षण प्रयासों का सुझाव दयिा।.
- ये सुझाव मॉन्ट्रयिल, कनाडा में आयोजति होने वाली जैवकि वविधिता पर कन्वेंशन हेतु COP-15 और बाद में मस्रि में जलवायु परविर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के COP-27 में दयिे गए।

## वेटलैंड्स इंटरनेशनल द्वारा 2030 तक हासलि कयिे जाने वाले पाँच सुझाए गए लक्ष्य:

- शेष अप्रशक्षिति पीटलैंड कार्बन स्टोर को बरकरार रखा जाना चाहयि और 10 मलियिन हेक्टेयर सूखे पीटलैंड की ज़रूरत को बहाल कयिा जाना चाहयि।
- 20% वैश्वकि मैंग्रोव कवर क्षेत्र।
- मुक्त बहने वाली नदयिों और बाढ़ के मैदानों का संरक्षण, साथ ही क्षेत्र में बाढ़ के मैदान पारस्थितिकि तंत्र और इसके कार्य को बहाल करने में वृद्धि।
- ज्वारीय समतल क्षेत्र में पश्चमि अफ्रीकी नदी वोल्टा के क्षेत्र में 10% वृद्धि।
- अनुकूल प्रबंधन के तहत आने वाले फ्लाईवे के साथ 7,000 गंभीर रूप से महत्त्वपूर्ण स्थलों में से 50 प्रतशित की पहचान।

## आर्द्रभूमि:

- आर्द्रभूमि ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ जल पर्यावरण और संबंधति पौधे व पशु जीवन को नयिंत्रति करने वाला प्राथमकि कारक है।
- आर्द्रभूमि को इस प्रकार परभिाषति कयिा गया है: "स्थलीय और जलीय पारस्थितिकी प्रणालयिों के बीच संक्रमणकालीन भूमि जहाँ जल आमतौर पर सतह पर होता है या भूमि उथले पानी से ढकी होती है"।

## आर्द्रभूमि का महत्त्व:

- **अत्यधकि उत्पादक पारस्थितिकि तंत्र:** वेटलैंड्स अत्यधकि उत्पादक पारस्थितिकि तंत्र हैं जो दुनयिा को मत्स्य उत्पादन का लगभग दो-तहिाई हस्सिा प्रदान करते हैं।
- **वाटरशेड पारस्थितिकी में एक अभन्नि भूमका:** वेटलैंड्स वाटरशेड की पारस्थितिकी में एक अभन्नि भूमका नभिाते हैं। उथला पानी उच्च स्तर के पोषक तत्त्वों का संयोजन जीवों के वकिास के लयि आदर्श है जो खाद्य वेब का आधार बनाते हैं और मछली, उभयचर, शंख व कीड़ों की कई प्रजातयिों को भोजन प्रदान करते हैं।
- **कार्बन पृथक्करण:** आर्द्रभूमि के रोगाणु, पौधे और वन्यजीव पानी, नाइट्रोजन और सल्फर के वैश्वकि चक्रों का हस्सिा हैं। आर्द्रभूमि कार्बन को कार्बन डाइऑक्साइड के रूप में वातावरण में छोड़ने के बजाय अपने संयंत्र समुदायों और मट्टिी के भीतर संग्रहीत करती है।

- **बाढ़ के स्तर और मिट्टी के कटाव को कम करना:** आर्द्रभूमियाँ प्राकृतिक बाधाओं के रूप में कार्य करती हैं जो सतही जल, वर्षा, भूजल और बाढ़ के पानी को अवशोषित करती हैं और धीरे-धीरे इसे फिर से पारिस्थितिकी तंत्र में छोड़ती है। आर्द्रभूमि वनस्पति बाढ़ के पानी की गति को भी धीमा कर देती है जिससे मिट्टी के कटाव कमी आती है।
- **मानव और ग्रह जीवन के लिये महत्त्वपूर्ण:** आर्द्रभूमि मानव और पृथ्वी पर जीवन के लिये महत्त्वपूर्ण है। एक अरब से अधिक लोग जीवन यापन के लिये उन पर निर्भर हैं और दुनिया की 40% प्रजातियाँ आर्द्रभूमि में रहती हैं एवं प्रजनन करती हैं।
- आर्द्रभूमि **भोजन, कच्चे माल, औषधियों के आनुवंशिक संसाधनों और जल विद्युत के लिये महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं।**
- वे परिवहन, पर्यटन और लोगों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भलाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **जानवरों और पौधों हेतु आवास:** वे जानवरों एवं पौधों के लिये **आवास प्रदान करते हैं साथ ही इनमें जीवन की विस्तृत विविधता होती है, पौधों और जानवरों का सहयोग करते हैं,** इस तरह की विशेषता कहीं और देखने को नहीं मिलती है।
- **प्राकृतिक सौंदर्य के क्षेत्र:** कई आर्द्रभूमि प्राकृतिक सौंदर्य के क्षेत्र हैं और **पर्यटन को बढ़ावा देते हैं साथ ही कई आदिवासी समुदायों के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।**
- **औद्योगिक लाभ:** आर्द्रभूमि उद्योग को महत्त्वपूर्ण लाभ भी प्रदान करती है। उदाहरण के लिये वे मछली और अन्य मीठे जल तथा समुद्री जीवन के लिये संवर्द्धन स्थान प्रदान करते हैं और **यह वाणिज्यिक एवं मनोरंजक मछली पकड़ने के उद्योगों के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।**

## आर्द्रभूमि को खतरा:

- **शहरीकरण:** शहरी केंद्रों के पास **आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक सुविधाओं के विकास के कारण आर्द्रभूमि पर दबाव बढ़ रहा है।** सार्वजनिक जल आपूर्ति को संरक्षित करने के लिये शहरी आर्द्रभूमि आवश्यक हैं।
- **कृषि: आर्द्रभूमि के विशाल हिस्सों को धान के खेतों में बदल दिया गया है** । सिंचाई के लिये बड़ी संख्या में जलाशयों, नहरों और बाँधों के निर्माण ने संबंधित आर्द्रभूमि के जल स्वरूप को महत्त्वपूर्ण रूप से बदल दिया है।
- **प्रदूषण**: आर्द्रभूमि **प्राकृतिक जल फिल्टर के रूप में कार्य करती है।** हालाँकि **वे केवल कृषि अपवाह से उर्वरकों और कीटनाशकों को साफ कर सकते हैं** लेकिन औद्योगिक स्रोतों से निकले पारा और अन्य प्रकार के प्रदूषण को नहीं।
  - पेयजल आपूर्ति और आर्द्रभूमि की जैव विविधता पर औद्योगिक प्रदूषण के प्रभाव के बारे में चिंता बढ़ रही है।
- **जलवायु परिवर्तन: वायु के तापमान में वृद्धि, वर्षा में बदलाव, तूफान, सूखा और बाढ़ की आवृत्ति में वृद्धि, वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड संचयन** में वृद्धि और समुद्र के स्तर में वृद्धि भी आर्द्रभूमि को प्रभावित कर सकती है।
- **तलकर्षण**: आर्द्रभूमि या नदी तल से सामग्री को हटाना। जलधाराओं का तलकर्षण आसपास के जल स्तर को कम करता है और तथा आसन्न आर्द्रभूमियों को सुखाता है।
- **ड्रेनेज**: वेटलैंड्स से पानी निकाला जाता है। इससे जल स्तर कम हो जाता है और आर्द्रभूमि सूख जाती है।
- **नुकसानदेह प्रजातियाँ:** भारतीय आर्द्रभूमियों को जलकुंभी और साल्विनिया जैसी नुकसानदेह पौधों की प्रजातियों से खतरा है। वे जलमार्गों को रोकते हैं और देशी वनस्पतियों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
- **लवणीकरण** : भूजल के अत्यधिक दोहन से लवणीकरण की स्थिति उत्पन्न हुई है।

## आर्द्रभूमि संरक्षण की दिशा में क्या प्रयास किये गए हैं?

- **वैश्विक स्तर पर पहल:**
  - **रामसर कन्वेंशन:**
  - **मोंट्रेक्स रिकॉर्ड:**
  - **विश्व आर्द्रभूमि दिवस**
- **राष्ट्रीय स्तर पर पहल:**
  - **आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017**
  - **MoEFCC की कार्य योजना**

## आगे की राह

- अनियोजित शहरीकरण और बढ़ती आबादी का मुकाबला करने के लिये, आर्द्रभूमि प्रबंधन योजना, निष्पादन और निगरानी के संदर्भ में एक एकीकृत दृष्टिकोण होना चाहिये।
- आर्द्रभूमि के समग्र प्रबंधन के लिये पारिस्थितिकीविदों, वाटरशेड प्रबंधन विशेषज्ञों, योजनाकारों और निर्णय निर्माताओं सहित शिक्षाविदों और पेशेवरों के बीच प्रभावी सहयोग।
- वेटलैंड्स के महत्त्व के बारे में जागरूकता कार्यक्रम शुरू करके और उनके पानी की गुणवत्ता के लिये वेटलैंड्स की निरंतर निगरानी करके वेटलैंड्स को और खराब होने से बचाने के लिये महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

## स्रोत : डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wetlands-conservation